केन्द्रीय विद्यालयों की संख्या और प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय के नियंत्रण की उचित दूरी को ध्यान में रखते हुए स्थापित किए जाते हैं।

(ख) से (घ) जी, नहीं । सहायक आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन का एक कार्यालय गुजरात के गांधीनगर में पहले से ही कार्य कर रहा है।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा अध्ययन सामग्री के प्रेषण में विलम्ब होना

2975. **श्री अखिलेश दास**: क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) का नया सत्र जनवरी,1997 से प्रारम्भ हो चुका है;

(ख) क्या यह सच है कि छात्रों को अभी तक उनकी अध्ययन सामग्री प्रषित नहीं हो पायी है जबकि छः माह वाले पाठ्यक्रमों की परीक्षा जून माह में होगी: और

(ग) यदि हां, तो तत्संबधी ब्यौरा क्या है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया): (क) जी, हां।

(ख) और (ग) विश्वविद्यालय द्वार भेजी गई सूचना के अनुसार, अधिकांश विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री डाक द्वारा पहले ही भेजी जा चुकी है। शेष मामलों मे, नामांकित विद्यार्थियों के विस्तृत विवरणों की अनुपलब्धता अथवा उनकी ओर से विषयों के गलत चयन के कारण, अधययन सामग्री भेजी नहीं जा सकी।

Irregularities in recruitment of K.V. Teachers in North-East region

2976. SHRI PARAG CHALIHA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is fact that a large number of Central Government Officers' wives are employed as teachers in Kendriya Vidyalayas of North-East region;

(b) if so, the details thereof, region-wise and catergory-wise;

(c) whether they have been recruited through regular annual process or locally, through Vidyalaya Management Committee;

(d) how many of them are wives of members of Vidyalaya Management Committees or their nominees and associate officers; and

(e) the details of the local candidates rejected in preference to Central Government Officers' wives with justification in each case?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF EDUCATION IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI MUHI RAM SAIKIA): (a) to (e) No such date is collected and maintained by the Kendriya Vidyalaya Sangathan. Recruitment of teachers is made by the Sangathan following the rules and procedure prescribed for the purpose.

केन्द्रीय विद्यालन संगठन में योग शिक्षक क पद को परिवर्तित करना

2977. **श्री गोविन्दराम मिरी**: क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय विद्यालय संगठन में समान अर्हताओं और शैक्षिणिक योग्यता धारी योगा शिक्षकों के पद को शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के पद के रुप में परिवर्तित करने का निर्णय कुछ समय पूर्व लिया गया था; और

(ख) यदि हां, तो उक्त निर्णय के अनुसरण में कितने और किन-किन योग शिक्षकों की शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के पद पर नियुक्ति की गई ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय मे शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया): (क) केन्द्रीय विद्यालय संगठन के शासी बोर्ड ने 26.9.86 को आयोजित अपनी 47वीं बैठक में निर्णय किय कि शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक और व्यावसायिक अर्हताओं को प्राप्त करने पर योग शिक्षकों को शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के रुप में नियुक्त कर लिया जाए।

(ख) ब्यौरे एकत्र किए जा रहे हैं और सभा पटल पर रख दिए जाएंगे।